अन्तर–विश्वविद्यालय त्वरक केन्द्र
नई दिल्ली

<u>विज्ञापन संख्या-07/2023</u>

अन्तर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र, जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के अधीन एक स्वायत्त केंद्र है, एक हिन्दी अनुवादक के पद हेतु अनुबंधात्मक आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। अं. वि. त्व. के. नई दिल्ली में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **<u>31/12/2023</u>** है।

<u>हिन्दी अनुवादक</u>

<u>शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव</u>

1. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा साथ में स्नातक स्तर तक अंग्रेजी अनिवार्य या ऐच्छिक विषय के साथ।

या

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री तथा साथ में स्नातक स्तर तक हिन्दी अनिवार्य या ऐच्छिक विषय के साथ।

2. अनुवाद में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/सर्टिफिकेट

अथवा

केंद्रीय या राज्य सरकार के कार्यालयोंए जिनमें भारत/राज्य सरकार के मंत्रालय/विभाग/निगम/निकाय/स्वायत्त संस्थान इत्यादि में 03 वर्ष का हिन्दी अनुवाद कार्यानुभव (अंग्रेजी से हिन्दी और हिन्दी से अंग्रेजी) होना अनिवार्य है।

3. हिंदी टंकण में निपुणता (कम से कम 30 शब्द / मिनट) अनिवार्य है।

<u>प्रस्तावित वेतन</u>

हिन्दी अनुवादक का समेकित पारिश्रमिक रू0 35,000/ प्रति माह होगा।

<u>आयु सीमा</u>

आवेदन करते समय आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो।

<u>चयन प्रक्रिया - लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार/टंकण</u>

<u>नियम एवं शर्तें:</u>

1. रिक्तियां पूर्णतः अनंतिम हैं एवं संविदात्मक आधार पर भरी जाएंगी।

2. चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

3. केवल लघुसूचित अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में बुलाया जायेगा।

4. आवेदन प्रपत्र के साथ सभी दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों को संलग्न करे।

5. संस्थान द्वारा इस विषय में लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी माना जाएगा।

6. अं. वि. त्व. के. लैंगिक संतुलन हेतु सतत प्रयत्नशील है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

7 अभ्यर्थी आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट (iuac.res.in/vacancies) से डाउनलोड कर सकते है। पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित प्रमाणपत्रों सहित दिनांक <u>31/12/2023</u> शाम 5 बजे तक प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक), अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र, अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली - 110067 तक डाक द्वारा पहुँचना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

कृते
प्रशासनिक अधिकारी
(कार्मिक)